हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 17 सितंबर 2026

04 315 मरीजों का पंजीयन, 82 ऑपरेशन के लिए चयनित...




09 छात्र छात्राओं ने विधि-विधान से की बप्पा की पूजा-अर्चना



समाचार संक्षेप

व्यापारी संगठन ने गणेश मंदिर में 101 किलो लड्डुओं का भोग लगाया



कुम्भराज। नगर में गणेश उत्सव को लेकर उत्साह है। कृषि उपज मंडी में व्यापारी संगठन द्वारा सिद्धी विनायक गणेश मंदिर पर 101 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। इस दौरान मंदिर की विशेष विद्युत सज्जा की गई। विघ्नहर्ता का मनोरम श्रंगार किया गया। दर्शन करने भक्तों की लंबी कतार देखी गई। नगर में कई जगह झाकियां सजाई गई हैं।

रेत व बजरी का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं एसडीएम आरोन मंजुषा खत्री के मार्गदर्शन में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आरोन अमित जैन द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर खामखेड़ा-आरोन रोड से रेत और बजरी का अवैध परिवहन करते हुए एक आइशर ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत-बजरी सहित जप्त की गई। पुलिस बल के सहयोग से जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना परिसर आरोन में रखवाया गया। जप्ती नामा पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित

गुना। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत जिला गुना रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप बुधवार को आजीविका भवन चांचौड़ा में किया गया। जिसमें गांवों से 27 युवाओं ने भाग लिया। शारीरिक मापदंड के अनुसार सुरेंद्र कुमार भर्ती अधिकारी ने 11 युवाओं का चयन किया। यह कैंप चांचौड़ा आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक अजब सिंह लोधा एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ। जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया अगला कैंप दिनांक 16 सितम्बर 2026 जनपद पंचायत आजीविका भवन कुंभराज में दिनांक 17 सितम्बर जनपद पंचायत आजीविका भवन राघौगढ़ में 18 सितम्बर जनपद पंचायत आजीविका भवन बमोरी में दिनांक 19 सितम्बर 2026 जनपद पंचायत आजीविका भवन आरोन में सुबह 11 से 3 तक अयोजन किया जाएगा। शिविर में चयनित युवाओं को जयपुर में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट मोबाइल नंबर 9079850906 पर संपर्क कर सकते हैं।

साक्षरता पखवाड़े का हुआ समापन

गुना। 1 सितम्बर से 14 सितम्बर तक साक्षरता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा संस्थाओं में साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें साक्षरता रैली, वाद-विवाद, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी सहित अन्य कार्यक्रम शामिल रहे। साक्षरता पखवाड़े का समापन समारोह हिलगना स्थित राइजिंग कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर समाज से अशिक्षा दूर करने तथा प्रत्येक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नवसाक्षरों को अंक सूचियों का वितरण किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अक्षर साथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आशीष तिवारी, विकासखंड सह समन्वयक राम अवतार रघुवंशी, संकुल सह समन्वयक दिनेश शर्मा, विद्यालय की प्रधानाध्यापक शिखा चौहान सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

तापमान में उतार-चढ़ाव : धूप के साथ नमी ने बढ़ाई परेशानी

मौसम का बदला मिजाज, उमस से बढ़ी बेचैनी, गर्मी से परेशान रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलता नजर आ रहा है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को वातावरण में उमस बढ़ने से लोग परेशान रहे। सुबह से ही हवा में नमी महसूस हुई और दिन चढ़ने के साथ चिपचिपाहट बढ़ती गई। तेज धूप और उमस के कारण लोगों को सामान्य दिनों की तुलना में अधिक गर्मी महसूस हुई।

सुबह के समय मौसम अपेक्षाकृत सामान्य रहा, लेकिन जैसे-जैसे सूरज की तपिश बढ़ी, वैसे-वैसे उमस का असर भी बढ़ता गया। दोपहर के समय बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर निकलने वाले लोगों को गर्मी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग धूप से बचने के लिए छांव तलाशते नजर आए, जबकि राहगीरों ने ठंडे पेय पदार्थों का सहारा

लिया। मौसम में नमी बढ़ने के कारण शरीर से पसीना जल्दी सूख नहीं पा रहा था। यही वजह रही कि तापमान बहुत अधिक नहीं होने के बावजूद लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस हुई। उमस के कारण घरों और दुकानों के अंदर भी बेचैनी बनी रही। पंखे चलने के बावजूद कई स्थानों पर लोगों को राहत नहीं मिली। शहर के बाजारों में दोपहर के समय गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। जरूरी काम से बाहर निकले लोगों ने काम जल्द पूरा कर घर लौटना पसंद किया। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों को धूप और गर्म हवा के बीच सफर करना पड़ा।

बारिश के दौर में कमी आने के बाद वातावरण में मौजूद नमी अब उमस के रूप में महसूस हो रही है। मौसम में नमी और धूप का मेल होने पर दिन के समय चिपचिपी गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को मौसम साफ होने के बावजूद राहत महसूस नहीं हो रही है। बदलाव का असर देखने को मिल रहा है। खेतों में काम करने वाले किसानों और मजदूरों को दोपहर के समय गर्मी तथा उमस के कारण परेशानी हो रही है। कई लोग सुबह या शाम के समय ही बाहरी काम निपटाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। दिनभर उमस रहने के बाद शाम के समय तापमान में कुछ कमी आने से लोगों को आंशिक राहत मिली। हालांकि हवा में नमी बनी रहने के कारण चिपचिपाहट पूरी तरह खत्म नहीं हुई। मौसम में बदलाव के साथ स्थानीय स्तर पर बादल बनने या बारिश होने की स्थिति में उमस से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम के लगातार बदलते मिजाज को देखते हुए लोगों की नजर अब आने वाले दिनों के मौसम पर बनी हुई है। खासकर बारिश होने की स्थिति और तापमान में होने वाले बदलाव से उमस का असर कम या ज्यादा हो सकता है।

प्रधान डाकघर गुना के नवीनीकृत भवन का मंत्री सिंधिया करेंगे लोकार्पण

भवन को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नवीनीकृत प्रधान डाकघर गुना का लोकार्पण संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 17-सितम्बर को शाम 5 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने बताया की भारत सरकार के योजना तथा वास्तुकला से अभिकल्पित प्रधान डाकघर गुना में नवीनीकृत बिल्डिंग का लोकार्पण संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा गुरुवार को शाम 5 बजे किया जाएगा। भारत सरकार की डाकघर आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के डिजाइन संबंधी दिशा निर्देशों के अनुरूप गुना प्रधान डाकघर के कायाकल्प लुक एंड फील इम्प्रूवमेंट का कार्य पूर्ण किया गया है। गुना की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए डाकघर भवन को आधुनिक आकर्षक एवं नागरिक केंद्रित स्वरूप प्रदान किया गया है। सौंदर्यीकृत प्रधान डाकघर का उद्घाटन केन्द्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया जाएगा। एसपीए के डिजाइन संबंधी दिशा निर्देशों के अनुरूप डाकघर भवन के बाहरी एवं आंतरिक स्वरूप को आकर्षक बनाया गया।



बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता और प्रतिभा

गणेश मेकिंग और हिंदी सप्ताह के तहत पोस्टर, प्रश्नोत्तर व निबंध प्रतियोगिता की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जेसीआई गुना शक्ति द्वारा कोकाटे कॉलोनी स्थित बाल शिक्षा निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल में गणेश चतुर्थी एवं हिंदी सप्ताह के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, ज्ञान और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में इको फ्रेंडली गणेश मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं हिंदी सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, हिंदी प्रश्नोत्तर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बच्चों द्वारा तैयार किए गए इको फ्रेंडली गणेश जी की आकर्षक प्रतिमाओं और पोस्टर्स ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में जेसीआई गुना शक्ति की अध्यक्ष जेसी अर्पिता देव, सचिव जेसी रेशु मित्तल, कोषाध्यक्ष जेसी सविता जैन, जेसी आरती राठौर एवं जेसी रक्षा जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जेसीआई गुना शक्ति की ओर से पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

दास हनुमान मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे समाजजन

यूजीसी इक्विटी विनियमों को लेकर आरोन में जन आक्रोश, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

यूजीसी के प्रस्तावित समानता विनियम, 2026 को लेकर पुनर्विचार और व्यापक राष्ट्रीय विमर्श की मांग को लेकर बुधवार को सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा तहसील आरोन के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाली गई। दोपहर 12 बजे बड़ी संख्या में समाजजन दास हनुमान मंदिर चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां वक्ताओं ने उच्च शिक्षा में समानता, सामाजिक समरसता, निष्पक्ष न्याय और पारदर्शी व्यवस्था की आवश्यकता को लेकर अपनी बात रखी।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इसके बाद सभी समाजजन दास हनुमान मंदिर से रैली के रूप में नगर



के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। रैली के दौरान प्रस्तावित यूजीसी विनियमों की व्यापक एवं निष्पक्ष समीक्षा सहित विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की गई।

एसडीएम कार्यालय पहुंचने पर एसडीएम के तत्काल उपलब्ध नहीं होने से प्रदर्शनकारियों में नाराजगी दिखाई दी। बताया गया कि एसडीएम टीएल बैठक में व्यस्त होने के कारण प्रतिनिधिमंडल को ज्ञापन सौंपने में देरी हुई। इस दौरान समाजजनों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। बैठक समाप्त होने के बाद एसडीएम की मौजूदगी में प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रस्तावित यूजीसी समानता विनियम, 2026 की समीक्षा करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने की मांग की गई।

निष्पक्ष जांच और अपील का अवसर देने की मांग

ज्ञापन में शिकायतों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने, आरोपित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने और अपील का उचित अवसर देने की मांग रखी गई। साथ ही वास्तविक पीड़ितों को प्रभावी संरक्षण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। मोर्चा की ओर से सवर्ण आयोग के गठन की मांग भी रखी गई। इसके अलावा आरक्षण व्यवस्था के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव का स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति से अध्ययन कराने की मांग की गई।

अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन को लेकर एएनएम और सीएचओ का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

सिविल अस्पताल आरोन के सभागार में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन को लेकर एएनएम एवं सीएचओ के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को इस परिवार नियोजन साधन के उपयोग, पात्र लाभार्थियों, समय अंतराल, फॉलोअप एवं रिकॉर्ड संधारण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशी राजपूत ने बताया कि अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन पूर्व में उपयोग किए जा रहे अंतरा इंट्रा-मस्कुलर इंजेक्शन के स्थान पर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन में



पहले की तुलना में कम मात्रा दी जाती है और यह प्रभावी परिवार नियोजन साधन है। उन्होंने बताया कि जो महिलाएं दो बच्चों के बीच अंतर रखना चाहती हैं, वे इसका उपयोग कर सकती हैं। इसके अलावा नवविवाहित महिलाएं भी, जो फिलहाल गर्भधारण नहीं करना चाहती हैं, चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार इस साधन का उपयोग कर सकती हैं। इसे प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर लगाया जाता है।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं को प्रसव के छह सप्ताह बाद अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन लगाया जा सकता है। वहीं गर्भपात की स्थिति में इसे चिकित्सकीय सलाह के अनुसार तुरंत लगाया जा सकता है। स्वास्थ्यकर्मियों को बताया गया कि अंतरा परिवार कल्याण के अन्य साधनों जैसे माला-एन, छाया, कॉपर-टी और कंडोम की तरह परिवार नियोजन का एक अन्य विकल्प है।

रामवीर सिंह धाकड़ के विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार बनने पर शुभचिंतकों ने दी बधाई

आरोन। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ के छोटे भाई रामवीर सिंह धाकड़ के विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार पद पर नियुक्त होने पर नगर में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों एवं समर्थकों ने उनके निज निवास पहुंचकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान शुभचिंतकों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा रामवीर सिंह धाकड़ को फूलमाला पहनाकर एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सभी ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शुभचिंतक एवं परिचितजन मौजूद रहे और रामवीर सिंह धाकड़ को बधाई देने का सिलसिला जारी रहा।

नियम विरुद्ध की गई सहायिका की पदोन्नति निरस्त करने लगाई गुहार

नींव कार्यक्रम के तहत 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिवों को दिया प्रशिक्षण

पंचायत स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे एवं जनपद पंचायत आरोन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के सहयोग से जनपद पंचायत गुना में नींव कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत



करना तथा पंचायत प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा।

'मेरी पंचायत, मेरी जिम्मेदारी' पर हुई चर्चा

प्रशिक्षण के दौरान 'मेरी पंचायत, मेरी जिम्मेदारी' की अवधारणा के तहत पंचायत प्रबंधन इकाई (पीएमयू) के गठन और उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम प्रबंधक स्मिता दीक्षित, वरिष्ठ कार्यक्रम लीडर उधम सिंह लोधी तथा अंजली सिंह एवं लिलिना डोले ने प्रतिभागियों को पंचायत स्तर पर प्रभावी योजना निर्माण, विभागीय समन्वय, नियमित समीक्षा और समस्या समाधान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण में पीएमयू के माध्यम से पंचायत में मासिक बैठक आयोजित करने, स्थानीय समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की दिशा में काम करने तथा बच्चों से जुड़े विभिन्न विकासात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा पर जोर दिया गया।

बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष जोर

प्रशिक्षण के दौरान पात्र बच्चों को विटामिन-ए की शत-प्रतिशत खुराक सुनिश्चित करने, प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में लर्निंग कॉर्नर विकसित करने तथा बच्चों की नियमित एवं सही वृद्धि निगरानी करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही बच्चों और अभिभावकों को पूरक पोषण आहार के प्रति जागरूक करने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक माह अभिभावक बैठक आयोजित करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रारंभिक विकास से जुड़े संकेतकों की नियमित समीक्षा करने पर भी जोर दिया गया। सरपंचों और ग्राम सचिवों को इन गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा पंचायतों को बच्चों के अनुकूल और सक्षम बनाने के लिए प्रेरित किया गया। नींव कार्यक्रम के उन्मुखीकरण के साथ सरपंचों के आत्म-नेतृत्व एवं नेतृत्व क्षमता विकास के लिए भी आयोजित किया गया।

बेटी ने कलेक्टर से मांगी अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के चांचौड़ा तहसील के ग्राम बरखेड़ा खुर्द से पहुंची एक पीड़िता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर नियम विरुद्ध की गई सहायिका की पदोन्नति निरस्त करने तथा अपनी मां के स्थान पर विशेष नियुक्ति (अनुकंपा नियुक्ति) दिए जाने की गुहार लगाई है।

ग्राम बरखेड़ा खुर्द निवासी भूमिका शर्मा पुत्री स्व. उमादेवी शर्मा ने आवेदन में बताया कि उनकी मां उमादेवी शर्मा आंगनबाड़ी केंद्र बरखेड़ा खुर्द-1 परियोजना चांचौड़ा में कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ थीं। गंभीर कैंसर बीमारी के चलते गत 20 जुलाई 26 को उनका निधन हो गया था। आरोप है कि मृत्यु के मात्र तीन दिनों के भीतर बिना किसी मृत्यु प्रमाण पत्र, बिना विज्ञप्ति या सूचना के दूसरे केंद्र की सहायिका की कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति कर दी गई। पीड़िता भूमिका शर्मा ने बताया कि मां की बीमारी के इलाज में परिवार का सारा जमा-पूंजी खर्च हो गया, जिससे वे भारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। परिवार में वही एकमात्र आय का सहारा थीं। पीड़िता स्वयं कार्यकर्ता पद हेतु सभी आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं रखती हैं। पीड़िता ने कलेक्टर से इस अवैध नियुक्ति की निष्पक्ष जांच कराकर उसे निरस्त करने और बेसहारा परिवार को आर्थिक संबल देने हेतु अनुकंपा के आधार पर विशेष नियुक्ति प्रदान करने का आग्रह किया है।

समाचार संक्षेप

श्रद्धालुओं ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर हनुमान मंदिर से निकाली झंडा यात्रा



आरोन। फूल डोल ग्यारस को समस्त आरोन नगर के मंदिरों से भगवान जल विहार एवं भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलते हैं एवं जल विहार करने के उपरांत दो रोज तक सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के नवीन मारुति मानस भवन में रुकेंगे। आरोन क्षेत्र के हजारों में श्रद्धालु दर्शनों के लिए आते हैं, जिसमें रात्रि को आरती के उपरांत प्रवचन भजन संध्या का एवं दोनों दिनों तक भगवान नाम संकीर्तन भक्त मंडली द्वारा किया जाता है। दूसरे दिन आरती के उपरांत सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट द्वारा समस्त पुजारियो का ससम्मान स्वागत किया जाता है एवं सभी समाज जन अपने-अपने मंदिरों के पुजारियो का भी सम्मान करते हैं। सभी मंदिरों के भगवानों को फूल डोल ग्यारस पर जलविहार करने के उद्देश्य से आव्हान करते हुए यह भगवा रूपी झंडा यात्रा पुरानी प्रथा को सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के सदस्य गण चरितार्थ करते झंडा यात्रा निकाल कर ट्रस्ट के ग्राउंड में विधिवत झंडा की जयकारों के साथ पूजन करते हुए स्थापित किया गया। इस यात्रा में सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी ओमप्रकाश बेधेल लाल सिंह जी यादव भगवान लाल जी शर्मा हंस टेलर्स रामवीर सिंह संजीव साहू वीरेंद्र सिंह शेपरा लाखन सिंह यादव दुर्गेश शर्मा हीरालाल आदि सैकडो कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

गोया रोड झांकी समिति के आमंत्रण पर थाना प्रभारी ने टीम के साथ की गणेश आरती



चाचौड़ा। वार्ड क्रमांक-2 स्थित गोया रोड में गणेश उत्सव के दौरान गोया झांकी समिति द्वारा आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने चाचौड़ा थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया को भगवान गणेश जी की आरती के लिए आमंत्रित किया। आमंत्रण पर थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया पुलिस टीम के साथ गोया रोड पहुंचे और विधि-विधान से भगवान गणेश की आरती की। इस दौरान झांकी समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ आरती में सहभागिता की।आरती के बाद गोया रोड झांकी समिति ने चाचौड़ा थाना प्रभारी एवं पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों का धार्मिक आयोजन में शामिल होना समिति एवं क्षेत्रवासियों के लिए खुशी की बात है।कार्यक्रम में गोया झांकी समिति के अध्यक्ष निकिल केवट, उपाध्यक्ष बृजमोहन सुमन, व्यवस्थापक मुन्ना केवट, विनोद केवट, केशव केवट, कल्लू लोधा तथा सहयोगकर्ता लखन माली, संतोष शर्मा, मुकेश साहू, गोविंद राज सुमन, मोहित केवट और राकेश माली सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

बीनागंज में लगा निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

315 मरीजों का पंजीयन, 82 ऑपरेशन के लिए चयनित, चश्मे किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को श्री स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय, बीनागंज के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 315 मरीजों का पंजीयन किया गया। जांच के दौरान 82 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। वहीं 201 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा 30 मरीजों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय, आनंदपुर ले जाने की व्यवस्था की जाएगी।

इस शिविर में डॉ. आशु शर्मा शासकीय अस्पताल बीनागंज एवं डॉ. हिमांशु शर्मा शिविर में आए। दोनों चिकित्सकों का माला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट की चिकित्सा एवं सेवा टीम ने मरीजों को अपनी सेवाएं दीं। डॉ. अभिषेक सुमन, नेत्र सहायक सोनू शर्मा, बीनागंज, टीम इंचार्ज जीतू पाठक, डाल सिंह जादौन एवं वरिष्ठ सहयोगी धर्मराज यादव सहित अन्य सदस्यों ने मरीजों की जांच एवं उपचार में सहयोग किया।

शिविर में पधारे चिकित्सकों, अतिथियों एवं पत्रकारगण का भी माला पहनाकर एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। रणछोड़ दास आश्रम के अध्यक्ष विजय सिंह रघुवंशी भी उपस्थित रहे। वहीं थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया ने शिविर स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं एवं शिविर का निरीक्षण किया। उनका भी माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच, उपचार एवं ऑपरेशन के माध्यम से उन्हें रोशनी प्रदान करना बहुत बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की निःशुल्क सेवा से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलता है। शिविर के आयोजन में श्री स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष महेश गोयल, निर्माण समिति के अध्यक्ष घासीलाल नामदेव, सचिव प्रदीप कुमार गुप्ता, सदस्य राजेश खंडेलवाल, सूर्य प्रकाश सोनी, देवेंद्र मीणा पटौदी,मुकेश नामदेव आदि मौजूद रहे।

मेर युवा सार्वजनिक सेवा समिति ने गणेश मंदिर प्रांगण में लगाई झांकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

गणेश महोत्सव के चलते प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राधा विहारी मेर समाज मंदिर राघौगढ़ पर श्री गणेश मेर युवा सार्वजनिक सेवा समिति राघौगढ़ द्वारा मंदिर प्रांगण में भव्य झांकी लगाई गई है।

इस वर्ष झांकी समिति को सोसाइटी के रूप में रजिस्टर्ड कराया गया हैं गणेश उत्सव का आज द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में राघौगढ़ के गणमान्य नागरिक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ अजीत रावत , विजय कुमार पत्रकार , अशोक कुमार भारील जैन समाज अध्यक्ष राघौगढ़, शीतल चंद कटारी डॉ फरीदुद्दीन दौराना विशेष रूप से सम्मिलित हुए और झांकी समिति के द्वारा एवं अध्यक्ष प्रशांत मेर एवं सचिव विनीत और रजिस्टर्ड सदस्यों एवं मेर समाज अध्यक्ष विजय कुमार खोन्या के द्वारा तिलक लगाकर फेटा एवं धार्मिक चिन्ह पट्टिया पहनाकर माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया स्वागत के उपरांत झांकी में विराजमान गणेश महाराज की आरती की गई जिसमें सभी मुख्य अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए समिति को मार्गदर्शित किया गया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



एनएसएस से व्यक्तित्व विकास के साथ सेवा भावना को मिलता है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रानी शाक्य के निर्देशन में हुआ। शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजार्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक विनोद कुमार छारी ने छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्यों, गतिविधियों और पंजीयन के बाद मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और समाजसेवा की भावना विकसित होती है। सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार एवं नीलू माझी ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए एनएसएस के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नीलू माझी ने किया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न नारों का उद्घोष किया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक, छात्राएं उपस्थित रहीं।

रेल अंडरपास पर पुनः बैरिकेड लगाने और मरम्मत कराने की मांग की



राघौगढ़। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के निवृतमान सदस्य विजय कुमार जैन ने पंकज त्यागी मंडल रेल प्रबंधक भोपाल को पत्र भेजकर उल्लेख किया है कि रुठियाई मक्सी रेल लाइन पर साडा कॉलोनी राघौगढ़ से गेल विजयपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित अंडरपास के पहले रेल्वे द्वारा बैरिकेड लगे हुए थे। इन वैरिकेड के कारण भारी वाहन इस अंडरपास से नहीं गुजर पाते थे। आपने पत्र में लिखा है रामस्वरूप मीणा उपाध्यक्ष नगर पालिका राघौगढ़ विजयपुर ने बैरिकेड हट जाने की जानकारी उन्हें दी है। बैरिकेड हट जाने से भारी वाहन पुनः बेरोकटोक अंडर पास से निकलने लगे हैं। इस अंडरपास में पहले से ही बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं जिनसे दुर्घटनाएं होती हैं। आपने मांग की है कि बैरिकेड किसने हटाए क्यों हटाये इसकी जांच कराई जाए और उस स्थान पर बैरिकेड पुनः लगाए जाएं तथा अंडरपास के गहरे गड्ढों की मरम्मत रेलवे द्वारा प्राथमिकता से कराई जाए। आपने पत्र की प्रतिलिपि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़ को भी भेजी है।

क्रोध पर नियंत्रण नहीं किया तो जिंदगी भर क्रोध के कारण दुख सहना पड़ेगा

राघौगढ़। जैन धर्म के दस लक्षण महापर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म पर मंगल प्रवचन करते हुए मुनि श्रमण सागर महाराज ने कहा, करना है तो गुस्से पर गुस्सा करो, गुस्सा करने वाले पर नहीं। क्रोध मूर्खता से उत्पन्न होता है। जिस समय क्रोध आता है आंखों के सामने अंधेरा छा जाता है। अगर क्रोध पर नियंत्रण नहीं किया तो जिंदगी भर क्रोध के कारण दुख सहना पड़ेगा। मुनिराज ने एक परिवार का उदाहरण देते हुए कहा उस परिवार में लॉटरी में एक लाख रुपए मिले। बेटा छोटा अबोध था। उसने एक गड्डी चूल्हे में डाल दी। बेटे की गलती देखकर मां ने बेटे को चूल्हे से जलती लकड़ी निकालकर जला दिया।

वह लड़का कुछ देर में मर गया। गुस्से में मां ने बेटे की हालत देखकर दूसरी गड्डी भी चूल्हे में डाल दी। यह देखकर पति को क्रोध आया और उसने जलती लकड़ी से पत्नी को जलाकर मार दिया और वह व्यक्ति स्वयं भी परिवार के साथ मर गया। क्रोध के कारण परिवार नष्ट हो जाते हैं। परिवार जीवन भर दुखी हो जाता है। मुनिश्री ने कहा समझदार व्यक्ति वह होता है जो अपने ज्ञान से कम और पड़ोसी के अनुभव से ज्यादा सीखना है। धर्मसभा में मुनिश्री ने सभी से आव्हान किया कि अस्पताल के अग्नि पीड़ित उपचार वार्ड के खाली पलंग का फोटो खींचकर अपने घर पर लगाएं। उस फोटो को देखकर यह आभास होगा कि अगर हमने क्रोध पर नियंत्रण नहीं किया तो एक दिन हमारी भी वही स्थिति होगी।

बाल गणेश समिति ने किया सांस्कृतिक आयोजन के साथ आरती का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय सुभाषगंज में रामलीला मंच पर इस बार भी बाल गणेश समिति द्वारा गणपति जी का पर्व धूम धाम से मनाया जा रहा है। भगवान की सामूहिक आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गाजे बाजों के साथ हर रोज आरती के आयोजन में शहर के गणमान्य नागरिक भाग ले रहे हैं।

यह आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है, इस बार भी झांकी आयोजकों ने इस आयोजन में नवीनता लाने के प्रयास किए हैं। सार्वजनिक रूप से होने वाले इन आयोजनों में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। घर घर से महिलाएं पुरूष और बच्चे सामुहिक रूप से परिवार जनों के साथ इस आयोजन में शामिल होने आ रहे हैं भक्ति, आस्था और पूजा का अनुपम संगम इस आयोजन में देखने को मिल रहा है। बीती रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों के लिए चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में 100 बच्चों ने भाग लिया, इस प्रतियोगिता में बच्चों में व्यापक उत्साह देखा गया, जिसमें हर वर्ग के बच्चे शामिल थे।

विश्व ओजोन दिवस पर कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता आयोजित


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पर्यावरण संरक्षण एवं विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नेहरू पीजी कॉलेज, अशोकनगर में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व ओज़ोन दिवस के अवसर पर ऑनलाइन वेबिनार एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय ग्लोबल एक्सन फोर कूलर प्लांट रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राध्यापकों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजय ने विद्यार्थियों को ओज़ोन परत के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की प्रभारी दीक्षा भट्ट ने विद्यार्थियों को वेबिनार एवं क्विज प्रतियोगिता में सक्रिय सह भागिता के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इको क्लब टीम के सदस्य प्राची जैन, मोनिका नामदेव, संगीता अहिरवार, अरविन्द कौशिक एवं प्रवीण कौशिक का सहयोग रहा। वेबिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को ओज़ोन परत संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 110 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

गणेश पूजन और झंडा पूजन के साथ हुआ रामलीला रिहर्सल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज में झंडा पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत भगवान गणेश का पूजन व झंडा पूजन किया गया। समिति के संरक्षक ओम प्रकाश चौधरी एवं अध्यक्ष राव यादवेंद्र सिंह व उपाध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा भगवान गणेश का पूजन कर झंडा पूजन किया गया, इसके बाद रामलीला मंच पर विधिवत झंडा लगाया गया। इसके साथ ही रामलीला की रिहार्सल का शुभारंभ किया गया। श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल के सचिव रजनीश सिंघई ने बताया कि आने वाली 6 अक्टूबर से लगभग 80 वर्षों से चली आ रही रामलीला का शुभारंभ होगा जो की दशहरे तक चलेगी जिसमें विभिन्न पात्रों द्वारा शानदार अभिनय देखने को मिलेगा। कलाकार प्रतिदिन रामलीला मंच पर आकर रिहर्सल कर रहे हैं अपने-अपने अभिनय को बारीकीयों से सीखते हैं। इस अवसर पर लीला निर्देशक निक्की सिंघई सह निर्देशक सत्येंद्र रघुवंशी रामकुमार शर्मा चौधरी अर्जुन सिंह संगीत डायरेक्टर कैलाश श्रीवास्तव कथा वाचक चंद्र मोहन मिश्रा, मनोज जैन, भानु चौधरी, राज नारायण शर्मा, शिवकुमार शर्मा, वीर सिंह जाट,अलोक शर्मा, निखिल सोनी सतीश शर्मा, बृजेश शर्मा सहित सभी कलाकार उपस्थित थे।

उत्तम क्षमा धर्म पर मुनिश्री ने कहा क्रोध, बोध को खा जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में पर्वराज पर्यूषण के प्रथम दिवस पर हम सभी उत्तम क्षमा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विचार कर, इस क्षमा धर्म को समझाते हुए और इसके प्रतिपक्षी क्रोध रूपी अधर्म को समाझते हुये, क्रोध को किस प्रकार से करना है, कितना करना है और क्यों करना है आदि पर चर्चा की गई। क्रोध के उत्पन्न होने के साक्षात बाहरी कारण मिलने पर भी थोड़ा भी क्रोध नहीं करना, उत्तम क्षमा धर्म होता है। अपने भीतर धर्म लाने की प्रक्रिया कहीं बाहर से नहीं करनी बल्कि हमारे भीतर जो विकृतियां हैं उनको हटाना है। जैसे-जैसे हम उनको हटाते जायेंगे धर्म आपो-आप हमारे भीतर प्रकट होता जाएगा। जो जितना सामथ्यवान होगा वह उतना ही क्षमावान भी होगा। जो जितना क्रोध करेगा वह उतना ही कमजोर होगा। आचार्यों ने कार्य-कारण व्यवस्था के बारे में विस्तार से बतलाया है। जैसा कारण होगा वैसा ही कार्य होगा। प्रत्येक संसारी प्राणी सुख और शान्ति चाहता है और क्रोध भी करता चला जाता है। अब इस तरह क्रोध रूपी अधर्ममय वातावरण में क्या कभी किसी को शान्ति की प्राप्ति हो सकती है। और इसके विपरीत क्षमा मय वातावरण में क्या कभी अशान्ति और दुःख रह सकते हैं क्या? नहीं ना। क्रोध के कारण व्यक्ति पागल हो जाता है और इतना पागल कि अपने स्वरूप तक को भूल जाता है। मुनि श्री के सान्निध्य में दश दिनों तक ग्रन्थ राज तत्त्वार्थ सूत्र जी की वाचना 100 विशेष प्रशिक्षण प्राप्त बालक-बालिकाओं द्वारा दोपहर में की जायेगी।तत पश्चात मुनि श्री द्वारा प्रतिदिन एक-एक अध्याय का रहस्य उद्घाटित किया जाएगा।

अशोकनगर में विकास कार्यों की सौगात, लगभग 90 लाख के निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का सिलसिला तेजी से जारी है। इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने विभिन्न वार्डों में लगभग 90 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इन कार्यों से शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

वार्ड क्रमांक 14 और 15 में 50 लाख के कार्य- नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा एवं पार्षद साथियों की मौजूदगी में वार्ड क्रमांक 14 और 15 में करीब 50 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, पार्षद प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, शालिनी योगेश खेरा, आयुषी जैन, डॉ. जयमंडल यादव, विपिन शिवहरे, एल्डरमैन जयप्रकाश अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, सतपाल लोधी, मोनू रघुवंशी, राजकुमार यादव नगेश्री, गोपाल ओझा, मनीष धुरेंटे, नारायणप्रसाद शर्मा, उपयंत्री भानू कुशवाहा, कपिल रघुवंशी, सहित नगर पालिका का अमला और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद के इन प्रयासों से अशोकनगर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

इसके तहत प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं-1 नवीन दुकानें (आरोन रोड फिल्टर प्लांट) लगभग 18 लाख रुपए की लागत से निर्माण।

2 नवीन दुकानें (बीज निगम के पास) लगभग 10 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्माण।

3 नाला निर्माण मुक्तिधाम से कयाल हॉस्पिटल तक नवीन नाला निर्माण, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 22 लाख रुपए है।

4 वार्ड 20, 21 एवं 22 में सीसी सड़क और नाली निर्माण

5 शहरवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से अन्य वार्डों में भी महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई है।

विधिक ज्ञान एवं दक्षता संवर्धन कार्यशाला का किया गया आयोजन

अशोकनगर। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय यशपालसिंह यादव ने बताया कि संचालक मप्र लोक अभियोजन संचालनालय के निर्देशन में नवीन आपराधिक काननों के अंतर्गत अभियोजन एवं अनुसंधान विषय पर एक दिवसीय विधिक ज्ञान एवं दक्षता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अति.पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में एसडीओपी विवेक शर्मा, एसडीओ वन विभाग नरेन्द्र कुमार चौहान, साइबर सेल उप निरीक्षक मसीह खान, जिला अभियोजन अधिकारी, सहायक निदेशक अभियोजन संजीव श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ एडीपीओ नरेन्द्र कुमार गोडिया ने नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में अभियोजन एवं अनुसंधान विषय अपने अनुभव एवं अनुसंधान प्रक्रिया संबंधी ज्ञान को साझा किया।

महिला कांग्रेस ने इंदिरा पार्क पर स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के स्मारक इंदिरा पार्क पर उपस्थित संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उत्साह पूर्वक मनाया। जिला अध्यक्ष डॉ सीमा सुराणा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की स्थापना,15 सितंबर 1984 को बेंगलुरु में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान हुई, जिसमें महिला कांग्रेस को एक स्वतंत्र फ्रंटल संगठन के रूप में स्थापित किया गया। इसके मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, न्याय, समानता और राजनीति में समान अवसर, प्राप्त करना। 15 सितंबर को प्रतिवर्ष देश भर में संगठन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और सदस्यता अभियान चलाए जाते हैं। इस अवसर पर, जिला अध्यक्ष सीमा सुराणा के साथ क्षेत्रीय विधायक माया हरी बाबू राय, पार्षद बहन किरण कुशवाहा, विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय रानी नामदेव, सविता प्रजापति, सावित्री लोधी, पूजा विश्वकर्मा, कमलेश यादव, सुनीता जैन आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

रोहन प्रीत का यूरोप यूनिवर्सिटी में चयन हुआ



अशोकनगर। यूरोप की यूनिवर्सिटी में रोहनप्रीत पुत्र विक्रमजीत सिंह संधु का चयन एमबीबीएस के लिए हुआ है। मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ प्लोवदीव बुल्गारिया (यूरोप) में योग्यता के आधार पर चयन हुआ है। इस चयन को लेकर उन्हें उनके उत्कृष्ट और उपलब्धिपूर्ण जीवन के लिए शहर के गणमान्य नागरिको, विधायक हरिवावू राय, पूर्व विधायक जजपालसिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, लायंस अध्यक्ष विकास रघुवंशी रोटेरियन रोशन कोली, जिला वुशू संघ अध्यक्ष दया सिंह संधु कृषि उपकरणों के निर्माता रंजीत सिंह संधु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव आदि ने उन्हे बधाईंया दी हैं।

स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में 11 वे आयुर्वेद दिवस 2026 के अवसर पर निर्धारित गतिविधियों के आयोजन के क्रम मे बुधवार को आयुष विभाग अशोक नगर द्वारा जिला जेल अशोक नगर में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष चिकित्सकों द्वारा 42 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया।

10 नवजात शिशुओं के बनाए गए आधार कार्ड

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन में गुरूवार को चन्देरी के सरकारी अस्पताल में 10 नवजात शिशुओं के आधार बनाए गए। साथ ही पोस्ट ऑफिस की समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगऊखेडी निवासी भगवत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवकुमार रघुवंशी ने सरकारी हेडपंप के पास उसे अश्लील गालियां दी और उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काछी बरखेडा निवासी जितेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू, सचिन और रविन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनकपुर खिरिया निवासी लालाराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगभान लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मृतक का शव रेल पटरियों पर मिला

अशोकनगर। स्थानीय माता मंदिर के समीप रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिला है जिसकी पहचान, सोनू पुत्र उधम अहिरवार उम्र 34 वर्ष के रूप में की गई है। मृतक की गर्दन के ऊपर का हिस्सा पूरी तरह से कट गया था, हाथ पैर भी कटे हुए अवस्था में मिले। सोनू अहिरवार माता मंदिर के पास का रहने वाला था,मृतक शंकरपुर मगरदा निवासी नितिन जैन के यहां पर काम करता था, जहां उससे विवाद हो गया था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच कर रही है।

दुग्ध व दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर नमूने लिए

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा रैपिड टेस्ट किट के माध्यम से जिले एवं तहसीलों में लगातार दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की जांच मौके पर ही की जा रही है। रैपिड टेस्ट किट से तुरंत ही मौके पर दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों में यदि कोई केमिकल जैसे हाइड्रोजन परॉक्साइड, यूरिया,सॉल्ट, ग्लूकोज, माल्टोडेक्सट्रिन की मिलावट की गयी हो तो उसकी जांच हो जाती है। यद्यपि जिले में अभी तक केमिकल युक्त दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद पाये जाना नही पाया गया है।

टोरिया चक्क की खबर प्रकाशित होने के बाद चेता विभाग, तीन दिन में मांगी जानकारी

जर्जर और भवन विहीन शालाओं की तस्वीर बदलने की कवायद शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुंगावली विकासखंड में जीर्ण-शीर्ण, जर्जर एवं भवन विहीन शालाओं की तस्वीर जल्द ही बदली जा सकती है। लप्तौरा के टोरिया चक्क में भवन विहीन शाला में विद्यार्थियों के पेड़ के नीचे पढ़ने की खबर प्रकाशित होने के बाद बुधवार को मुंगावली एसडीएम बृजबिहारी श्रीवास्तव ने सख्त निर्देश दिए हैं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा इस मुद्दे को उठाने के बाद राज्य स्तर से हुए एक्शन पर बुधवार को एक के बाद एक कई पत्र जारी हुए, जिनमें तीन दिन के अंदर मुंगावली विकासखंड के सभी जर्जर, जीर्ण-शीर्ण एवं भवन विहीन विद्यालयों की जानकारी मांगी गई है। पत्रों में कहा गया है कि अधिकारियों के भ्रमण के दौरान कई शाला परिसरों में जर्जर और जीर्ण-शीर्ण संरचनाएं मिली हैं, जबकि इस संबंध में पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि उपयंत्री से भौतिक सत्यापन कराकर ध्वस्तीकरण या रिपेयरिंग का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाए। अब निर्देश दिए गए हैं कि 3 दिवस के भीतर विकासखंड की समस्त प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में स्थित जीर्ण-शीर्ण जर्जर संरचनाओं को सूचीबद्ध कर प्रत्येक के लिए स्पश्ट टीप के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। वहीं बीआरसीसी कार्यालय ने इस पत्र के क्रम में सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि यह जानकारी गुरुवार दोपहर 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

13 चिन्हित थे, 4 निर्माणाधीन, 9 का बजट अटका- बताया गया है कि दो वर्ष पहले विकासखंड शिक्षा केन्द्र द्वारा कुल 13 विद्यालय भवन गिरने योग्य चिन्हित किए थे। जिनके भवन तो गिरा दिए गए लेकिन नवीन भवनों की स्वीकृति सभी को नहीं मिली। सबसे पहले 30-30 लाख रुपए से घाट बमुरिया, बाबरौद, नरखेड़ा एवं सेमरखेड़ी के स्कूल भवनों की स्वीकृति मिली, जो कि निर्माणाधीन हैं। इन्हे एमपी पुलिस हाउसिंग बोर्ड बना रहा है। अन्य नौ में टोरिया चक्क, मलउखेड़ी, जनकपुर खिरिया, झागर, आंक्सी, भेड़का, मथाना, खैरखाड़ी एवं चाचूखेड़ा के नाम हैं। इनमें से जिन शालाओं में 30 तक बच्चे हैं, उन्हे 10 लाख रुपए एवं 50 तक बच्चों वाली शाला के लिए 18 लाख रुपए भवन निर्माण हेतु स्वीकृत किए गए हैं। हालांकि, इन भवनों को शाला प्रबंधन समिति बनाएगी या ग्राम पंचायत यह अभी तक तय नहीं हुआ है। इनका बजट भी अब तक प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद अटका हुआ है।

आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन या ग्राम पंचायत भवन में संचालन के निर्देश

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी किए गए एक पत्र में उल्लेख है कि जो शालाएं भवन विहीन हैं, या जिनके भवनों से जनहानि की आशंका हैं, उन्हे तत्काल खाली करें। इन शालाओं का संचालन नवीन भवन बन जाने तक समीपस्थ आंगनवाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत भवन में किया जाए। इसके साथ ही उल्लेख है कि इस तरह के शासकीय भवनों की उपलब्धता न होने तक इन शालाओं को नजदीकी शाला में मर्ज किया जाए।

छात्र छात्राओं ने विधि-विधान से की बप्पा की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय जीवाजी पब्लिक स्कूल में गणेशोत्सव का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। सुंदर फूलों और विशेष सजावट से सजे बप्पा के दरबार में सभी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित संतोष शास्त्री द्वारा विधि-विधान से कराए गए पूजन के साथ हुई। उन्होंने मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश का पूजन कराया और उपस्थित सभी छात्रों व स्टाफ को त्योहार का धार्मिक महत्व समझाया। इसके बाद सभी ने मिलकर बप्पा की महाआरती की। इस दौरान स्कूल के छात्र अपनी निर्धारित यूनिफॉर्म में पूरी तरह अनुशासित और भक्तिभाव में डूबे नजर आए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य कृति शर्मा ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। उन्होंने बच्चों को भगवान गणेश के जीवन से बुद्धि, विवेक और अनुशासन की सीख लेने के लिए प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने मिलकर सामूहिक आरती कर सबके उज्जवल भविष्य के लिए बप्पा से प्रार्थना की। इस अवसर पर स्कूल का पूरा स्टाफ और सभी छात्र मौजूद रहे, जिससे पूरा माहौल गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



किराना दुकान में राशन सामग्री प्रदाय होती मिली

करैया राय में कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किए जाने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिलीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बुधवार को भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत करैया राय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी केन्द्र में आंगनवाडी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गई। कार्यालय में पंजी अनुसार 03-06 वर्ष की आयु के 23 बच्चे दर्ज है परन्तु मात्र 5 बच्चे उपस्थित पाये गये। आंगनवाडी केन्द्र में 0-3 वर्ष के बच्चे के टीकाकरण, गर्भवती धात्री माताओं का टीकाकरण एवं आयुष्मान से संबंधित पंजी संधारित नही पाई गई। आंगनवाडी में भोजन, दलिया आदि गुणबत्तापूर्ण बांटने के निर्देश दिये तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता,आंगनवाडी सहायिका एवं सेक्टर सुपरवाईजर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने एवं अवकाश पर गये कर्मचारियों की जानकारी प्रत्येक दिवस दिये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने शासकीय विद्यालय करैया राय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय निर्माण कार्य प्रगतिरत पाया गया तथा निर्माणाधीन शौचालय हेतु उपयोग की जाने वाली सामग्री एक कमरे में पाई गई। माध्यमिक विद्यालय के पास संचालित गुटखा तंबाकू की दुकान को तत्काल हटवाया गया। समस्त स्कूलों में सभी विषयों की निरंतर पढाई कराने तथा जर्जर भवनों को गिराये जाने की कार्यवाही करने एवं निर्माणाधीन शौचालयों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने स्कूल बच्चों को मध्यान्ह भोजन सही एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन वितरण किये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संचालन संबंधी कोई दस्तावेज पंजी इत्यादि नहीं पाई गई एवं निरीक्षण पंजी नहीं पाई गई। गौशाला में पशु चिकित्सक को नियमित गौशाला का भी भ्रमण किया गया।

राजस्व की तकनीकी चूक की भेंट चढ़ा कटरा बाजार

80 वर्षीय बुजुर्ग को थाने ले गया प्रशासन, जेसीबी से खुलवाया मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

शाढ़ौरा के कटरा बाजार में बस स्टैंड से बाजार को जोड़ने वाले आम रास्ते पर मुरम डालकर बंद करने का मामला दोपहर में प्रशासनिक ड्रामे के बाद अस्थायी रूप से सुलझ गया। 80 वर्षीय बुजुर्ग सुखलाल लोधी द्वारा रास्ते पर मुरम डालकर कब्जा करने के बाद तहसीलदार और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। समझाइश के बाद भी जब बुजुर्ग अपनी बात पर अड़े रहे, तो प्रशासन उन्हें थाने ले गया और जेसीबी की मदद से सड़क से मुरम हटवाकर आवागमन बहाल कराया गया।

बुजुर्ग ने कहा सीमांकन दुरुस्त करो या लापरवाहों पर कार्यवाही हो- कार्रवाई के दौरान 80 वर्षीय सुखलाल लोधी ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन के सामने सवाल खड़े किए। उनका स्पष्ट कहना था कि जब राजस्व अमले ने विधिवत नापजोख कर यह भूमि उन्हें सौंपी है, तो वे अपनी जमीन से रास्ता क्यों दें? बुजुर्ग ने मांग रखी कि प्रशासन या तो उनका सीमांकन दुरुस्त कर उन्हें वास्तविक रकबा उपलब्ध कराए, या फिर आम रास्ते पर गलत सीमांकन करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करे।

डिजिटल और हाथ के नक्शे का फेर दक्षिण-पूर्व दिशा में खिसका नक्शा- इस पूरे विवाद की जड़ में शाढ़ौरा राजस्व विभाग की तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। सीमांकन को लेकर यहां पहले भी कई विवाद खड़े होते रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, ऑनलाइन डिजिटल नक्शे और परंपरागत हाथ से बने बंदोबस्ती नक्शे में बड़ा अंतर है। दोनों नक्शों का सही मिलान (ग्राउंड ट्रूथिंग) नहीं हो पाया है, जिसके चलते ऑनलाइन नक्शा दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर खिसका (शिफ्ट) हुआ नजर आता है।

युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन एवं कार्यक्रम के नोडल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। इस संबंध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जन विश्वास अभियान अंतर्गत सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय एवं प्राचार्या शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ के सहयोग से 23 सितंबर को शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ जिला अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जाता है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत

स्टेशन पर शाम 7 बजे सामूहिक आशीर्वाद के दिए जलाए जाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 'एक दीया आशीर्वाद का, विकसित भारत के संकल्प का' अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम अशोकनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर सायं 07 बजे नागरिकों द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन एवं सेवा के सम्मान के अवसर पर जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अपने घरों एवं प्रमुख स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर इस अभियान में सहभागी बनें। यह दीप विकसित भारत के संकल्प, सेवा के प्रति सम्मान और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का प्रतीक होंगे। जिले में नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी जाएंगी तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सहभागिता दर्ज कराई जाएगी। नपा परिषद अशोकनगर अंतर्गत अमृत भारत रेल्वे स्टेशन अशोकनगर 9400 दीया,तुलसी सरोवर विमानों के चबूतरा अशोकनगर 3100 दीया,इंदिरा पार्क अशोकनगर 1100 दीया, नगर पालिका चंदेरी अंतर्गत जागेश्वरी लोक चंदेरी 2100 दीया,लक्ष्मण मंदिर चंदेरी 2100 दीया, किला कोठी चंदेरी में 1100 दीया, हैंडलूम पार्क चंदेरी में 1100, केन्द्रीय विद्यालय चंदेरी 501,नगर परिषद मुंगावली अंतर्गत गणेश शंकर विद्यार्थी तालाब मुंगावली में 2500, भूजरिया तालाब मुंगावली 1500, केन्द्रीय विद्यालय मुंगावली 501,नगर परिषद ईसागढ़ सिंहसागर तालाब (गणेश कंत) ईसागढ़ 1100, नगर परिषद शाढौरा अंतर्गत हनुमान टेकरी 1100 दीयो का प्रज्जवलन किया जायेगा।

पीले चावल एवं आमंत्रण देकर नागरिकों को किया आमंत्रित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आर्शीवाद का दीया कार्यक्रम में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शासकीय सेवकों द्वारा पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महाविद्यालय में इको-फ्रेंडली द्वारा दीपदान कार्यक्रम में आटे के दीपक बनाए किए गए। पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के शुभारंभ एवं दीपदान कार्यक्रम की तैयारियों के अंतर्गत आज इको-फ्रेंडली दीपक निर्माण गतिविधि आयोजित की गई। महाविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गेहूँ के आटे से पर्यावरण-अनुकूल दीपकों का निर्माण किया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग तथा पर्यावरण-अनुकूल उत्सव मनाने के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। यह गतिविधि प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह के निर्देशन एवं नोडल प्रभारी डॉ. रेखा शर्मा के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी डॉक्टर दीक्षा भट्ट एवंइको क्लब टीम के सहयोग से संपन्न हुई।

---

25 सितंबर तक होंगे आयोजन, 27 और 28 को निकलेगा चल समारोह

दिगम्बर जैन समाज के महा पर्व पर्युषण की भक्ति भाव से शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगम्बर जैन समाज के 10 दिवसीय महा पर्व पर्युषण की आज से शुरूआत हो गई है। यह पर्व 25 सितंबर तक चलेगा, 27 और 28 सितंबर को भगवान की रजत रथ यात्रा और विमानोत्सव का चल समारोह निकाला जाएगा। शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है, पूजा, भक्ति आदि के आयोजन किये जा रहे हैं, इस बार जैन समाज को यह पर्व मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में मनाने का मौका मिला है।

दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कांसल और महामंत्री राकेश जैन अमरोद ने बताया कि इस



महापर्व के मौके पर शहर के प्रत्येक जिनालय में सुबह 6 बजे से अभिषेक, शांतिधारा और सामुहिक पूजन के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसके संयोजक युवा वर्ग और आदि विद्या भक्तावंर मंडल है, सुबह 9 बजे मुनिश्री के मगंल प्रवचन हो रहे है, 10 बजे आहार चर्या और दोपहर 2.30 बजे तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया जा रहा है। शाम 7 बजे 48 दीपकों के साथ भक्तांबर जी का पाठ एवं आरती का आयोजन हो रहा है। रात 8.15 बजे डॉ. अशोक जैन बनारस के प्रवचन हो रहे हैं, रात्रि 9.15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रात्रि में 18 सितंबर को धर्म की अदालत का आयोजन, महिला जैन मिलन पाश्र्व द्वारा, 19 सितंबर को जोड़ी अनोखी का आयोजन विर्मश जागृति महिला मंच, 20 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम शांति महिला मंडल,22 सितंबर को भक्ति नृत्य प्रतियोगिता महिला महासमिति, 23 सितंबर को प्राकृत की गूंज जिनागम की सुगंध, शांतिनाथ डिजिटल पाठशाला के द्वारा तथा 24 सितंबर को संगीतमय तंबोला अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा किया जाएगा।

दोपहर में होने वाले आयोजन- इसके अलावा दोपहर में अष्ट दृव्य सजाओं प्रतियोगिता महिला जैन मिलन, 18 सितंबर को शास्त्र सजाओं प्रतियोगिता युवा महिला परिषद,20 सितंबर को मेंहदी एवं रंगौली प्रतियोगिता महिला महा समिति, 22 सितंबर को पालना सजाओ प्रतियोगिता महिला परिषद, 23 सितंबर को आरती सजाओं प्रतियोगिता वामादेवी महिला मंडल और 24 सितंबर को लाडू सजाओ प्रतियोगिता बहू बेटी संगठन द्वारा आयोजित किए जाएगें। 21 सितंबर को दोपहर 2 बजे गंज मंदिर से धूप दशमी चल समारोह निकाला जाएगा, 25 सिंतबर को दोपहर 3 बजे गांव मंदिर जी में श्रीजी का कलशाभिषेक का आयोजन किया जाएगा तथा 26 सितंबर को क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा।

दो दिवसीय चल समारोह 27 और 28 सितंबर को - दो दिवसीय चल समारोह के अंतर्गत 27 सितंबर को गांव मंदिर जी से भगवान की भव्य शोभा यात्रा सुबह 10 बजे प्रारम्भ होगी जो शाम 4 बजे सुभाषगंज जैन मंदिर पर पहुंचेगी, जहां श्रीजी का कलशाभिषेक और मुनिश्री के मंगल प्रवचन होगें। शाम 5 बजे अग्रवाल पैलेस में समन्वय गुरप द्वारा वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया है, रात्रि 9 बजे रूपेश जैन भजन गायक द्वारा भजनों की प्रस्तुति प्रदान की जाएगी। 28 सितंबर को सुभाष जैन मंदिर से भगवान की शोभा यात्रा सुबह 10 बजे प्रारम्भ होगी जो विभिन्न मार्गों से होते हुए गांव मंदिर जी पर वापिस पहुचेगी।

अशोकनगर जिला जैन समाज का प्रमुख क्षेत्र बना- अशोकनगर जिला जैन समाज का प्रमुख क्षेत्र बन गया है बुंदेलखण्ड, चंबल और मालवा से हर रोज बड़ी संख्या में यात्री इस क्षेत्र में मंदिरों के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं।

रॉयल हाईट्स के पूर्व विद्यार्थी बलराम का रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर चयन



जीरापुर। रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र बलराम मेवाड़े ने मेहनत, लगन के साथ पढ़ाई कर सीजेएल परीक्षा उत्तीर्ण कर रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की। इस विधार्थी ने कक्षा 1 से 12वीं तक की शिक्षा रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राप्त की। जहां बताया कि मेरी सफलता में मेरे माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय में मुझे शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा मिली। संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा बलराम मेवाड़े की यह सफलता पूरे रॉयल हाईट्स परिवार के लिए गर्व का विषय है क्योंकि छात्र रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय द्वारा माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान किया। प्रबंधक यशवर्धन सिंह , पुष्कर पटेल सहित विधालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

तंवर समाज के राहुल बने सब-इंसपेक्टर कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



राजगढ़। सालों से अशिक्षा, कुप्रथाओं में जकड़ा जिले का तंवर समाज भी अब जागरुकता के चलते विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। समाज की प्रतिभाएं सभी क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर अपना लोहा मनवा रही हैं। इसी कड़ी में नांदनपुर गांव के युवा राहुल तंवर ने भी दिन-रात मेहनत करते हुए पुलिस विभाग में सब-इंसपेक्टर का पद पाया है। राहुल की इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज के अन्य युवाओं से भी इसी तरह मेहनत और लगन से जीवन में आगे बढ़ते रहने की अपेक्षा जताई है। राहुल की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, चेनसिंह तंवर भवानीपुरा सहित समाज के अन्य वरिष्ठजनों, ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री देवनारायण जन्मोत्सव पर कल निकालेंगे भव्य शोभायात्रा

जीरापुर। श्री देवनारायण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली जाएगी। श्री देवनारायण जन्म उत्सव समिति के तत्वावधान में 34वीं बार यह शोभायात्रा देवनारायण मंदिर से प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी, जिसका समापन दोपहर 4:00 बजे देवनारायण मंदिर पर होगा। शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की आकर्षक भव्य झांकी सहित भजन कीर्तन मंडलियां एवं अखाड़े के कलाकारों द्वारा करतब दिखाए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय गुर्जर समाज धर्मशाला, भंडावद रोड़ पर महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।

मुख्यालय पर कुछ दुकानदारों की दुग्ध संचालकों से हुई नोकझोंक

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में दूध की सप्लाई ठप, घरों में नहीं पहुंचा, दूध लाने वालों पर लगाया गया जुर्माना





राजगढ़, खिलचीपुर क्षेत्रों में ज्यादा नजर आया दुग्ध संचालकों की हड़ताल का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



दूध के फेट रेट एवं कीमतों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर देवनारायण दूध संचालक संघ के आव्हान पर बुधवार से लगभग पूरे जिले में हड़ताल शुरू की गई। इस हड़ताल का व्यापक असर देखने मिला। राजगढ़ मुख्यालय पर सुबह से ही संघ के लोग जगह-जगह घूमकर उन दुकानों और दूध डेयरियों पर पहुंचे जहां सांची, अमूल, श्रीधी, सौरभ सहित अन्य कंपनियों का पेक्ड दूध छिपते, छिपाते बेचा जा रहा था। कुछ स्थानों पर हड़तालियों द्वारा उग्र रूप अपनाते हुए दुकानदारों का पैक्ड दूध सड़कों पर ढोलने से विवाद की भी स्थितियां निर्मित हुईं। हालांकि, पुलिस की सक्रियता के चलते कहीं भी विवाद बड़ा रूप नहीं ले पाया। राजगढ़ नगर में चाय, कॉफी की दुकानें सुबह से ही बंद नजर आईं। हालांकि, कुछ स्थानों पर चाय दुकानदार रात्रि के दूध से चाय बनाते देखे गए।

जो दूध देने आए उन पर लगाया दंड

जिन ग्रामीण दूध विक्रेताओं को इस हड़ताल की जानकारी नहीं थी जब वे बुधवार सुबह राजगढ, खिलचीपुर, जीरापुर सहित अन्य क्षेत्रों में घरों में दूध सप्लाई करने पहुंचे तो हड़ताली दूध संचालकों ने उन पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की। इसके साथ ही पैक्ड दूध की थैलियां जब्त भी की गईं जिसके चलते दुकानदारों ने अपना आक्रोष जाहिर किया। राजगढ़ में कुछ दुकानों के पेक्ड मिल्क सप्लायर इस जबरर्दस्ती का विरोध करते भी देखे गए।

ब्यावरा, सारंगपर क्षेत्रों में कम दिखा असर

दूध संचालकों की इस हड़ताल का असर ब्यावरा, नरसिंहगढ़ क्षेत्रों में कम ही नजर आया। बताया जा रहा है कि इन क्षेत्रों में बुधवार को हुई बैठक के बाद संभवतः आज गुरुवार से यहां भी दूध की किल्लत नजर आ सकती है।

यह है शासन से मांगें

देवनारायण संघ जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह भाटपुरा ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है कि दूध का फेट 12 रुपए किया जाए एवं भैंस के दूध की कीमत 100 रुपए प्रति किलो एवं गाय के दूध की कीमत 80 रुपए प्रतिकिलो निर्धारित की जाए। पेक्ड मिल्क कंपनियां पूर्व से 60 से 70 रुपए प्रतिकिलो में अपना दूध जिले में सप्लाई कर रही हैं। ऐसे में जिले के कृषकों, गोपालकों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि भैंसों के लिए खली, बिनौला आदि की कीमत ही इतनी अधिक हो चुकी है कि अब 50 रुपए प्रतिकिलो में दूध बेचने से दूधवालों को हानि हो रही है। संघ ने शासन, प्रशासन से मांग की है कि दूध की कीमतों में जब तक बढ़ोतरी नहीं की जाएगी, यह हड़ताल इसी तरह जारी रहेगी।

2 अक्टूबर से हड़ताल की चेतावनी

पटवारियों के बाद अब रोजगार सहायक आंदोलन की राह पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सालों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन, प्रशासन से गुहार लगाते आ रहे ग्राम रोजगार सहायक भी अब आंदोलन की राह पर चल पड़े हैं। इसी कड़ी में जिले की सभी 622 ग्राम पंचायतों के रो. सहायकों ने बुधवार को मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि आगामी 2 अक्टूबर तक उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो पूरे प्रदेश के रोजगार सहायक बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे।

इसके पूर्व सभी जीआरएस खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए जिला पंचायत परिसर पहुंचे। यहां सभी ने सीईओ श्री गढ़पाले को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर ने बताया कि गत 28 जून को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि सभी रोजगार सहायकों को पंचायत सचिवों के समान सभी तरह के वेतन, भत्ते, सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

घोषणा हुई पर आदेश अभी तक जारी नहीं किए

उक्त घोषणा अभी घोषणा मात्र ही है और प्रेक्टिकली कोई आदेश फिलहाल तक जारी नहीं किया गया है। ऐसे में यदि आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक आदेश जारी नहीं किया गया तो न केवल राजगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश की जीआरएस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। ज्ञापन के अवसर पर संगठन के सभी जिला पदाधिकारियों में शामिल सर्जन सिंह सौंधिया, प्रवीण उमठ, कालूसिंह राजपूत, रामबाबू दांगी, पवन तंवर, मोहनलाल, दिलीप नागर, दिनेश राठौर, हेमंत राजपूत, महेश गहलोत सहित अन्य उपस्थित थे।

खरीदी व निर्माण कार्यों में गड़बड़ी पर कार्रवाई

राजगढ़ नपा सीएमओ भोपाल अटैच, जांच भी बैठी

राजगढ़। काफी समय से पार्षदों की शिकायतों और अन्य अनियमितताओं पर आमजनों का आक्रोश झेल रही राजगढ़ नगर पालिका प्रबंधन में भोपाल स्तर से कार्यवाही हुई है। नपा सीएमओ श्री पवन अवस्थी को सम्भागीय कार्यालय भोपाल अटैच किया गया है। इसके साथ ही राजगढ़ डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज के नेतृत्व में भोपाल के तीन अधिकारियों को शामिल करते हुए उक्त गड़बड़ियों की जांच हेतु एक दल भी बनाया गया है। जारी आदेश के तहत नपा प्रबंधन द्वारा बायोमेट्रिक मशीन के क्रय सहित अन्य निर्माणों में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने पर सीएमओ अवस्थी को अस्थाई रूप से संभागीय कार्यालय भोपाल अटैच किया गया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर भारद्वाज की अगुवाई में एक जांच टीम भी बनाई गई जो उक्त शिकायतों की सिरे से जांच करेगी। जांच दल में नगरीय प्रशासन उपसंचालक शिल्पा मालेवार एवं कार्यपालन यंत्री सचिन कुडू को शामिल किया गया है। आपको बता दें कि आयुक्त भोंडवे विगत दिनों राजगढ़ के दौरे पर आए थे। इस दौरान स्थानीय सर्किट हाउस में नगर पालिका से जुडी अनेक शिकायतें पक्ष एवं विपक्षी पार्षदों द्वारा की गई थीं।



सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर मंत्री टेटवाल ने ली बैठक, आज घर-घर 'आशीर्वाद के दीप' जलाने का किया आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने बुधवार को सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कार्यक्रमों को सफल एवं प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के राष्ट्रसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा, सुशासन और जनकल्याण की भावना के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शाम 7 बजे घर-घर 'आशीर्वाद के दीप' प्रज्वलित करने का आह्वान किया। बैठक में एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी अरविंद्र सिंह, सीईओ हेमेंद्र गोविल सहित प्रशासनिक अधिकारी तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अधिकारियों ने सेवा से संकल्प अभियान की समीक्षा की

अभियान की लंबित शिकायतों पर अधिकारियों से मांग स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्यक कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बुधवार को जनविश्वास अभियान तथा आगामी सेवा से संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया गया। अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आगामी रक्तदान कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की।



उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक रक्त एकत्र कर ब्लड बैंकों में उपलब्धता बढ़ाने तथा रक्तदान के लिए रोस्टर जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

आशीर्वाद के दीये से होगी अभियान की शुरुआत

बैठक में 17 सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मोहानपुरा डैम, जालपा माता धाम एवं रेलवे स्टेशन पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे 'सेवा से संकल्प' अभियान की शुरुआत भी इसी आयोजन से होगी। अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी के माध्यम से सेवा, संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

आज से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, एक माह तक होंगे कार्यक्रम

नरसिंहगढ़। गुरूवार 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा गया है। एक माह तक चलने वाले इस अभियान में विधानसभा क्षेत्र में सेवा एवं सामाजिक गतिविधियों से जुड़े 13 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा करेंगे। तैयारियों को लेकर सोमवार शाम विधायक कार्यालय में बैठक के बाद बुधवार को जनपद सभा कक्ष में भी बैठक हुई। विधायक की मौजूदगी में हुई बैठक में जनपद सीईओ प्रबल अरजरिया, सरपंच, सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक में पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा और तैयारियों पर चर्चा की गई।

पंचायतों, सरकारी कार्यालयों और घरों में दीप प्रज्ज्वलन से होगी अभियान की शुरुआत

अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम से होगी। नरसिंहगढ़ के परसराम तालाब स्थित जल मंदिर, संदीपनी विद्यालय और मॉडल स्कूल सहित ब्लॉक के सभी सरकारी स्कूलों में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। सभी ग्राम पंचायतों और सरकारी कार्यालयों में भी दीप जलाए जाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड और घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान में सहभागिता करेंगे। 18 सितंबर को स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इसके बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान, नुक्कड़ नाटक, विभिन्न सेवा गतिविधियां, 'जीवन में बदलाव' और 'जीवन ज्योति यात्रा' सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान को लेकर प्रशासनिक और पार्टी स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

धरना-प्रदर्शन जाम की चेतावनी

20 से दूध सप्लाई बंद करने का ऐलान, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

नरसिंहगढ़। भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बुधवार को मारुति नंदन मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। किसानों ने 20 सितंबर से दूध की सप्लाई बंद कर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। इससे पहले 19 सितंबर को किसान महापंचायत आयोजित कर आंदोलन को लेकर आगामी रणनीति तय करने की बात कही गई। बैठक के बाद किसानों ने एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दूध का भाव 12 रुपए फैट किए जाने, पीला मोजेक रोग के कारण खराब हुई सोयाबीन फसल का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को राहत देने तथा सुठालिया-रसाई मार्ग के लिए अधिग्रहित जमीन का चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान 20 सितंबर से मध्यप्रदेश में दूध की सप्लाई बंद करने के साथ धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम जैसे आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी, प्रभुलाल पटेल, प्रदेश महामंत्री नारायण सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता रामकिशन दांगी, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, प्रदेश प्रभारी मांगीलाल गोस्वामी, प्रदेश महासचिव मनोहर मीणा, संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर, राजगढ़ जिलाध्यक्ष रामबाबू दांगी, भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष भारत सिंह मीणा, सोराम गुर्जर बद्रीलाल, संगठन मंत्री गिर्राज, महामंत्री गजेंद्र सिंह बना हेमराज गुर्जर मौजूद रहे।

दूसरे दिन भी जारी रही किसानों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल


हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

क्षेत्र में सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार 'जयपाल सिंह खींची, बालकिशन गुर्जर, हेमंत सिंह, लाखन सिंह, जय सिंह लोधी और सोमन सिंह' ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की है। ये 6 किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं, जबकि सैकड़ों डूब प्रभावित किसान धरना स्थल पर मौजूद रहकर उनका समर्थन कर रहे हैं।दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे किसानों की तबीयत बिगड़ने लगी है, लेकिन प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अब तक सुध लेने नहीं पहुंचा। प्रशासन की इस उदासीनता से किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि जमीन, मकान, रोजगार सब डूब में चला गया और सरकार आज तक उचित मुआवजा तक नहीं दे पाई।किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक 9 सूत्रीय मांगों का लिखित में निराकरण नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा और इसे और उग्र किया जाएगा।

किसानों की 9 सूत्रीय मांगें

चार गुना मुआवजा दिया जाए , 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों को वयस्क माना जाए खेती की भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों का मुआवजा, काटे गए मकानों का मुआवजा दिया जाए, टोडी एवं गुर्जरखेड़ी के पूर्णतः डूब प्रभावित मकानों का मुआवजा, 6. 90: एवं 100: डूब प्रभावित परिवारों को पुनर्वास का लाभ, पुनर्वास स्थलों के नाम गांवों के नाम पर रखे जाए, सभी छूटे हुए गांवों एवं मकानों को डूब क्षेत्र में शामिल किया जाए, पेयजल के स्त्रोतों का मुआवजा दिया जाए।

50 साल पहले शुरू हुई छोटी पहल, गणेशोत्सव की परंपरा ने दी अलग पहचान



कुरावर। गणेशोत्सव पूरे देश में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कुरावर में भी गणेशोत्सव का आयोजन वर्षों से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना हुआ है। आज नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और दस दिनों तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहती है। कुरावर में गणेशोत्सव की इस भव्य परंपरा की शुरुआत लगभग 50 वर्ष पूर्व नगर के कुछ गणमान्य नागरिकों ने की थी। बताया जाता है कि नगर के व्यापारी गोविंदराम जी सोमानी, मोहनलाल जी गोयल, जीवनलाल जी शर्मा, गोपालकृष्ण जी अग्रवाल, पुरुषोत्तम जी शर्मा, प्रकाश जी शर्मा, मांगीलाल खाटू, हेमसिंह चैहान, नन्नूलाल जी बाहेती, रामसहाय जी जामलिया सहित अनेक नागरिकों ने एक संकल्प के साथ इसकी शुरुआत की थी। पीपल चैराहे से शुरू हुआ यह आयोजन धीरे-धीरे नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बनता चला गया। गणेशोत्सव के दौरान करीब दस दिनों तक रामलीला सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता था। इन कार्यक्रमों को देखने के लिए नगरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे।

अनंत चतुर्दशी का विसर्जन बनता था आकर्षण

गणेशोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण अनंत चतुर्दशी का विसर्जन जुलूस हुआ करता था। भव्य झांकियों, अखाड़ों और देश के प्रसिद्ध बारे लाल बैंड के साथ निकलने वाली विसर्जन यात्रा देखने के लिए आसपास के हजारों ग्रामीण कुरावर पहुंचते थे। पूरी रात श्रद्धालु नयनाभिराम झांकियों और अखाड़ों का आनंद लेते हुए श्रद्धा और उत्साह के साथ पीलूखेड़ी स्थित पार्वती नदी तक पहुंचते थे, जहां विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता था।

संगठन सृजन अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

संगठन की मजबूती से ही जनता की आवाज बनेगी कांग्रेसः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत पचोर के रेड कार्पेट होटल में 15 एवं 16 सितंबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में ब्लॉक, मंडल एवं नगर अध्यक्षों को बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी चुनावों की संगठनात्मक तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने संगठन को कांग्रेस की प्रमुख ताकत बताते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जमीनी स्तर पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की बात कही। महासचिव डॉ. संजय कमले ने संगठनात्मक ढांचे और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर प्रशिक्षण दिया। जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह बघेल ने आपसी समन्वय और जमीनी सक्रियता पर जोर दिया। प्रोमिल मित्रा एवं आरिफ खान ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और एडिजिटल तकनीक की जानकारी दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने फैक्ट चेकिंग, मीडिया प्रबंधन और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स ने प्रशिक्षण की जरूरत एवं क्रियान्वयन की जानकारी दी। शिविर में बूथ से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया।

राहुल ने आगाह किया था, यूपीआई चार्ज जनता की जेब पर डाकाः पटवारी

सारंगपुर। पचोर से इंदौर जाते समय बुधवार शाम सारंगपुर बायपास पर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पटवारी ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, युवाओं के रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और डिजिटल भुगतान पर संभावित शुल्क को लेकर सरकार पर निशाना साधा। पटवारी ने कहा कि आज डिग्री हासिल करने के बाद भी युवा रोजगार के लिए भटकने को मजबूर हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों और पेपर लीक जैसे मामलों से युवाओं का भरोसा प्रभावित हुआ है। कांग्रेस युवाओं की समस्याओं को दबने नहीं देगी और इन्हें निर्णायक आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

19 सितंबर को इंदौर में होगा छात्र-युवा सम्मेलनः उन्होंने कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज, युवाओं की आवाज' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि 19 सितंबर को इंदौर में छात्र एवं युवा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर से छात्र, प्रतियोगी परीक्षार्थी और युवा शामिल होंगे। पटवारी ने कार्यकर्ताओं से इंदौर में अध्ययनरत छात्रों एवं युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने की अपील की।

यूपीआई शुल्क को लेकर केंद्र पर निशाना

डिजिटल भुगतान और यूपीआई लेनदेन पर संभावित शुल्क को लेकर पटवारी ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में राहुल गांधी ने 'पे टू मोदी' के माध्यम से जिस आशंका को लेकर सवाल उठाया था, वह आज सामने आती दिखाई दे रही है। पटवारी ने दावा किया कि 2,000 रुपये से अधिक के डिजिटल लेनदेन पर प्रस्तावित शुल्क का अंतिम बोझ मर्चेंट के माध्यम से ग्राहकों पर पड़ सकता है। उन्होंने इसे डिजिटल इंडिया के नाम पर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताते हुए शुल्क वापस लेने की मांग की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन, जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय, राधेश्याम पाटीदार, बाबूलाल मालवीय, कमल सिंह राणा, जीवन सोलंकी, विनोद कुमार, गौतम मालवीय, मुस्तक शाह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।